सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून दिनांक 16 सितम्बर, 2022

राजभवन में शुक्रवार को उदिता गेरा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। ट्रस्ट द्वारा यह प्रतियोगिता केवल हिंदी माध्यम के सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

राज्यपाल ने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने के लिए बेहद जरूरी हैं। प्रतियोगिताएं छात्र–छात्राओं के ज्ञान, कौशल और अनुभव में वृद्धि करने हेतु सहायक होती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं से कहा कि आप सभी के अंदर बेहतर प्रतिभा और कौशल है केवल उसे पहचानने की जरूरत है। हमेशा बड़ा लक्ष्य लेकर चलें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर कठोर परिश्रम करें।

राज्यपाल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में आप सभी छात्र–छात्राएं अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राएं राष्ट्र की एक मजबूत कड़ी हैं। अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानकर हमेशा सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपाल ने उपस्थित छात्र–छात्राओं से कहा कि विद्यार्थी जीवन में कड़ी मेहनत और परिश्रम कर एक नया मुकाम हासिल करें। उन्होंने दिवंगत बालिका उदिता गेरा को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, गेरा मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी हर्षवर्धन अरोडा, अध्यक्ष संदीप भाटिया, सचिव कमल कुमार सचदेवा, मनीष गेरा, विनिता गेरा सहित ट्रस्ट से जुड़े अन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राएं एवं उनके अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

........0........